BULANDSHAHRPOLICE

दिनांक- 23 जनवरी, 2025 **थाना – कोतवाली नगर**

वाहन चोर गिरोह के 03 शातिर सदस्य गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की 02 मोटरसाईकिल, फर्जी नम्बर प्लेट व आरसी बरामद।

जनपद में अपराधों पर अंकुश लगाये जाने हेतु अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 23.01.2025 को थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा संदिग्ध वाहन/व्यक्तियों की चैकिंग के दौरान वलीपुरा नहर से 03 शातिर वाहन चोरो को चोरी की 02 मोटरसाइकिल, 04 फर्जी नम्बर प्लेट व 02 फर्जी आरसी सहित गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना कोतवाली नगर पर मुअसं-84/25 धारा 317(2)/317(5)/318(4)/ 338/336(3)/340(2) बीएनएस पंजीकृत करते हुए अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता-

1. महावीर पुत्र स्व0 गोधा सिंह निवासी खेरली भाव थाना रबूपुरा जनपद गौतमबुद्धनगर।
2. अशोक कुमार पुत्र मानकचंद निवासी खेरली भाव थाना रबूपुरा जनपद गौतमबुद्धनगर।
3. हुकुमचंद पुत्र वेदराम निवासी वामनीखेड़ा थाना पलवल सदर जनपद पलवल हरियाणा।

बरामदगी-

1. 01 मोटरसाईकिल स्प्लेंडर नं0 UP11CH4690
2. 01 मोटरसाईकिल स्प्लेंडर नं0 HR51CL3840
3. 04 फर्जी नम्बर प्लेट, व 02 फर्जी आरसी

गिरफ्तार अभियुक्तगण शातिर किस्म के अपराधी हैं, जो मोटरसाइकिल चोरी कर उनकी फर्जी आरसी व नम्बर प्लेट तैयार कर उन्हें स्वयं भी इस्तेमाल करते है तथा सस्ते दामों में बेचकर आर्थिक लाभ प्राप्त करते है।

अभियुक्तों द्वारा बरामद मोटरसाईकिल स्प्लेंडर नं0 UP11CH4690 को थाना सेक्टर 65 गुरूग्राम हरियाणा क्षेत्र से चोरी किया गया था जिसके सम्बन्ध में थाना सेक्टर 65 गुरूग्राम पर मुअसं 644/24 पंजीकृत हैं।

अभियुक्तों द्वारा बरामद मोटरसाईकिल स्प्लेंडर नं0 HR51CL3840 को थाना सराय ख्वाजा जनपद फरीदाबाद हरियाणा क्षेत्र से चोरी किया गया था जिसके सम्बन्ध में थाना सराय ख्वाजा पर मुअसं- 457/2023 पंजीकृत हैं।

गिरफ्तार अभियुक्त महावीर का आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0 38/24 थाना सेक्टर 65 गुरूग्राम हरियाणा
2. मु0अ0सं0 457/23 थाना सराय ख्वाजा जनपद फरीदाबाद हरियाणा
3. मु0अ0सं0 84/25 धारा 317(2)/317(5)/318(4)/ 338/336(3)/340(2) बीएनएस थाना को0नगर बुलन्दशहर

गिरफ्तार अभियुक्त अशोक कुमार का आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0 38/24 थाना सेक्टर 65 गुरूग्राम हरियाणा
2. मु0अ0सं0 457/23 थाना सराय ख्वाजा जनपद फरीदाबाद हरियाणा
3. मु0अ0सं0 84/25 धारा 317(2)/317(5)/318(4)/ 338/336(3)/340(2) बीएनएस थाना को0नगर बुलन्दशहर

गिरफ्तार अभियुक्त हुकुमचंद का आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0 38/24 थाना सेक्टर 65 गुरूग्राम हरियाणा
2. मु0अ0सं0 457/23 थाना सराय ख्वाजा जनपद फरीदाबाद हरियाणा
3. मु0अ0सं0 84/25 धारा 317(2)/317(5)/318(4)/ 338/336(3)/340(2) बीएनएस थाना को0नगर बुलन्दशहर

गिरफ्तार करने वाली टीम-

1. श्री अनिल कुमार शाही प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर
2. उ0नि0 दर्पण चौधरी
3. है0का0 कुलदीप राठी, का0 अंकित कुमार, हो0गा0 प्रमोद

मीडिया सैल बुलन्दशहर